# मंडी में व्यापारी कर रहे मंडी शुल्क की चोरी

**▸ खबर का असर : एसडीएम ने जब्त की 40 क्विंटल मूंग**




नवभारत
बेगमगंज की कृषि उपज मंडी में मूंग खरीदी में चल रहा बड़ा खेल

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 6 अगस्त. लोकप्रिय समाचार पत्र नवभारत ने 16 जुलाई के अंक में कृषि उपज मंडी सचिव एवं कुछ व्यापारियों की मिलीभगत से मूंग खरीदी में नीलामी निरस्त कराकर बिना मंडी शुल्क चुकाए बड़े पैमाने पर कर चोरी किए जाने का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था.**

तब एसडीएम प्रियंका भलावी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कड़ी नजर रखना शुरू किया तो आखिरकार बुधवार की शाम को कर चोरी पकड़ी गई. सूचना मिलने पर एसडीम भलावी ने नायब तहसीलदार विक्रम सिंह राजपूत को साथ लेकर मूंग खरीदी में गड़बड़ी के चलते एक पिकअप एमपी 04 बीएच 9479 को पकड़ा, जिसमें मंडी सचिव के करीबी व्यापारी अंकित जैन द्वारा 40 क्विंटल मूंग भरकर एक उपार्जन केंद्र पर तुलवाई के लिए ले जाई जा रही थी. बिना मंडी कर चुकाए ,बिना अनुज्ञा पत्र एवं बिना वैध दस्तावेजों के मंडी प्रांगण से बाहर निकाली गई पिकअप को सड़क पर पकड़ा गया. तो पता चला कि वह शासकीय उपार्जन खरीदी केंद्र पर किसानों के नाम पर समर्थन मूल्य पर तुलवाई के लिए ले जाई रहा थी. प्रकरण में संबंधित व्यापारी अंकित जैन एवं वाहन चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. पिकअप को जब्त करके पहले थाने में फिर रात में मंडी प्रांगण में अभिरक्षा में खड़ी करवा दी गई है. कृषि उपज मंडी के कुछ व्यापारियों ने बताया कि कृषि मंडी सचिव अनुराग रघुवंशी की मिलीभगत से तीन व्यापारी मंडी प्रांगण में नीलामी में तो भाग लेते हैं, फिर उस नीलामी को वे निरस्त कराकर नम्बर दो में मूंग बाहर ले जाकर उपार्जन केंद्रों पर किसानों के नाम पर बेच देते हैं. इसमें मप्र की सीमा से लगे उत्तरप्रदेश के ललितपुर 160 किमी दूर तो झांसी 200 किमी दूर से भी मूंग मंगाकर इसी प्रकार का खेल पिछले डेढ़ माह से कर रहे हैं जिसमें कृषि मंडी की भी भागीदारी बताई जा रही है. बुधवार शाम को भी व्यापारी अंकित जैन ने मूंग की नीलामी निरस्त कराकर मूंग मंडी से बाहर भिजवा रहा था.

> एसडीएम प्रियंका भलावी ने बताया कि 40 क्विटल मूंग से भरी पिकअप को जब्त किया है. अब सभी व्यापारियों के स्टॉक एवं गोदाम एवं किसानों की पंजीयन की भी जांच की जा रही है. आशंका है कि कुछ व्यापारी मंडी से मूंग ले जाकर बिना मंडी शुल्क चुकाए बेगमगंज एवं सिलवानी के उपार्जन केंद्रों पर किसानों के नाम पर कराए गए पंजीयन पर तुलाई करवाकर बेच रहे हैं. बताया गया है कि यह खेल लंबे समय से चल रहा था. जिसके कारण शासन को लाखों रुपए की टैक्स चोरी से नुकसान हुआ है. एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद मंडी में हड़कंप मच गया है.

# चौथे दिन भी धरने पर बैठे रहे हड़ताली पटवारी

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 6 अगस्त। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर तहसील सिलवानी एवं बम्होरी के समस्त पटवारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार चौथे दिन भी कलमबंद हड़ताल पर रहे.**

पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व विभाग से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं. किसानों के साथ-साथ आम नागरिकों को नामांतरण, सीमांकन, नक्शा, प्रतिलिपि तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कई लोग अपने जरूरी कार्य नहीं होने से निराश होकर वापस लौट रहे हैं.

नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पटवारियों की पांच सूत्रीय मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर हड़ताल समाप्त कराई जाए, ताकि आमजन और किसानों के लंबित कार्य समय पर पूरे हो सकें.

हड़ताल में तहसील अध्यक्ष दीनदयाल नरवरिया के नेतृत्व में गजेंद्र लोधी, पर्वत सिंह, सुशील मिश्रा, सुरेंद्र ठाकुर, दीवान सिंह, संजय सिंह, विमला सोनम सहित तहसील सिलवानी एवं बम्होरी के सभी पटवारी उपस्थित रहे.

# कब होगी रसूखदारों के वाहनों पर कार्रवाई

**▸ समाजसेवी ने हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट को लिखा पत्र**

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 6 अगस्त. नगर सहित तहसील भर के छुटभैया नेता यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए अपने - अपने वाहनों पर हूटर ओर ब्लैक फ़िल्म लगाकर तेज आवाज में सायरन बजाते हुए रुतबा झाड़ते हुए घूम रहे हैं लेकिन क्या मजाल पुलिस या आरटीओ की, जो इन पर कार्रवाई कर दे.**

समाजसेवी राहुल जैन द्वारा आरोप लगाया गया है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन होते हुए भी ऐसे फर्जी व्हीआईपी आज भी बेगमगंज, सुल्तानगंज सहित आसपास की तहसीलों में धड़ल्ले से अपनी झूठी शान दिखाते हुए चल रहे हैं. जिन्हें रोकने का साहस आज तक पुलिस विभाग या परिवहन विभाग ने नहीं किया. वाहनों पर केवल वीवीआइपी, एम्बुलेंस, फायर ब्रिग्रेड, आरटीओ , डायल 112 पर ही हूटर लग सकते हैं. अन्य किसी भी वाहन पर नहीं लगा सकते , इसके लिए 5 हजार का जुर्माना लगाया जाता है. फिलहाल तो हूटर , अवैध हॉर्न एवं प्रेशर हॉर्न ओर ब्लैक फ़िल्म ओर नम्बर प्लेट के स्थान पर अपना पद लिखी प्लेट लगाने वाले वाहनों की भरमार है. पुलिस का वाहन चैकिंग अभियान तो आमजन के लिए चलता है. जिन पर अर्थदंड लगाया जाकर आर्थिक रूप से परेशान किया जाता है. लेकिन ऐसे छुटभैया नेताओं पर हाथ डालने का साहस नहीं कर पा रहे हैं.राहुल जैन ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, राज्यपाल, डीजीपी, परिवहन आयुक्त सहित चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट एवं चीफ जस्टिस मप्र हाईकोर्ट जबलपुर को भी आवेदन भेजकर की है कि उनकी तहसील बेगमगंज सहित जिले में अभी तक हूटर्स, प्रेशर हॉर्न, पद लिखी नम्बर प्लेट एवं काली फ़िल्म लगे वाहन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई है, ऐसे वाहन के खिलाफ कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाए.

# हिन्दू परिषद-राष्ट्रीय बजरंग दल की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 6 अगस्त . अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक गुरुवार को अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई . बैठक में जिला, तहसील कार्यकारिणी के विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई.**

बैठक में रामप्रकाश रघुवंशी को जिला मंत्री, राजकुमार रघुवंशी को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, अवधेश गौर को जिला उपाध्यक्ष, हेमंत दीक्षित को जिला सत्संग प्रमुख, बृजलाल लोधी को जिला महामंत्री, राजेश रघुवंशी को जिला सुरक्षा प्रमुख तथा सत्यपाल यादव को जिला आईटी सेल का दायित्व सौंपा गया.

इसी प्रकार मदन गोपाल कुर्मी को ब्लॉक अध्यक्ष गैरतगंज, सोनू प्रजापति को तहसील सुरक्षा प्रमुख सिलवानी, राजेंद्र रघुवंशी को तहसील उपाध्यक्ष सिलवानी, मुंशीलाल शाह को तहसील किसान परिषद बेगमगंज, राजेंद्र साहू को तहसील सोशल मीडिया प्रभारी सिलवानी, प्रीतम सिंह ठाकुर को तहसील महामंत्री बेगमगंज, दिनेश ठाकुर को तहसील सुरक्षा प्रमुख बेगमगंज, नीतेश कुशवाहा को तहसील आईटी सेल सिलवानी, राधेश्याम दुबे को तहसील समरसता प्रमुख, हल्के भाई ठाकुर को तहसील गौ-रक्षा प्रमुख बेगमगंज तथा रवि आठ्या को तहसील महामंत्री छात्र परिषद बेगमगंज एवं अंशुल गौर को सोशल मीडिया प्रभारी बेगमगंज का दायित्व दिया गया.

बैठक में विभिन्न ग्राम इकाइयों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई, जिनमें रामेश्वर लोधी (पापड़ा), राकेश ठाकुर (बरेली), भोलेराम ठाकुर (नगझिरी), लक्ष्मण ठाकुर (पड़रिया), सीताराम, राजकुमार ठाकुर (सुल्तानपुर), मोनू लोधी (फाफड़ा), चौहान यादव (बेरखेड़ी), शुभम यादव, सुनील ठाकुर (मुआर), लखनलाल ठाकुर (मदनपुर) तथा हम्मीर सिंह ठाकुर (बोरिया) शामिल हैं.

# सड़कों पर पानी और कीचड़ से ग्रामीण हो रहे परेशानी

**▸ ग्राम पंचायत उचेर मुख्यालय अव्यवस्थाओं के घेरे में**

नवभारत न्यूज

**सांची, 6 अगस्त. जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत आने वाली 83 ग्राम पंचायतों में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन इन दावों की वास्तविकता ग्राम पंचायत उचेर के मुख्यालय में साफ दिखाई देती है. यहां वर्षों से पानी निकासी और नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों पर जलभराव और दलदल की स्थिति बनी हुई है. ग्रामीणों को प्रतिदिन इसी गंदे और कीचड़युक्त रास्ते से होकर आवागमन करना पड़ रहा है.**

जानकारी के अनुसार ग्राम उचेर स्वयं ग्राम पंचायत उचेर का मुख्यालय है, जहां लगभग तीन हजार की आबादी निवास करती है. इस पंचायत के अंतर्गत चार गांव आते हैं, लेकिन पंचायत मुख्यालय की ही बदहाल स्थिति विकास कार्यों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है. ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश में भी सड़कें दलदल में तब्दील हो जाती हैं, जबकि कई स्थानों पर बिना बारिश के भी पानी भरा रहता है.

हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत उचेर, जनपद पंचायत सांची मुख्यालय से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. इसके बावजूद वर्षों से चली आ रही इस समस्या का स्थायी



समाधान नहीं हो सका. ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई. पंचायत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनपद पंचायत सदस्य भी इसी समस्या से प्रभावित हैं.

**इनका कहना है**

'यह ग्राम पंचायत उचेर का मुख्यालय है. यहां सड़कों पर जलभराव आम बात हो गई है, जबकि अभी अधिक बारिश भी नहीं हुई है. हमने कई बार ग्राम पंचायत को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन समाधान नहीं निकला. अब हम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को पत्र देकर स्थायी समाधान की मांग करेंगे.'

**कैलाश बुनकर, जनपद पंचायत सदस्य, उचेर**

'जिस सड़क पर अधिक जलभराव हो रहा है वह लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क है, इसलिए उसकी खुदाई पंचायत नहीं करा सकती. हालांकि गांव के भीतरी क्षेत्रों में जहां जलभराव की समस्या है, वहां निरीक्षण कर स्थायी समाधान के प्रयास किए जाएंगे.'

**- आकांक्षा अग्रवाल, उपयंत्री, जनपद पंचायत सांची**

# मृतक की शिनाख्त के लिए लोगों से पुलिस ने मांगी मदद

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 6 अगस्त. सलामतपुर थाना क्षेत्र में लगभग तीन महीने पहले हुए एक दर्दनाक ट्रेन हादसे में अपनी जान गंवाने वाले व्यक्ति की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है. पुलिस प्रशासन ने मृतक की शिनाख्त करने और उसके परिजनों की खोज के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा 08 मई 2026 को सलामतपुर और दीवानगंज स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर हुआ था. ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद से ही सलामतपुर पुलिस लगातार मृतक की शिनाख्त की कोशिशों में जुटी हुई है, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा है. मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के आसपास है. पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस हुलिए के आधार पर मृतक को पहचानता हो, या उसके परिवार व रिश्तेदारों के बारे में कोई भी जानकारी रखता हो, तो वह तुरंत सलामतपुर थाने में संपर्क करें.

# जमीअत उलेमा-ए-हिंद व मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन

**▸ ग्राम कढ़ैया की दरगाहों के पुनर्निर्माण एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 6 अगस्त. ज़िले की ग़ैरतगंज तहसील के कस्बा गढ़ी की मुस्लिम त्यौहार कमेटी जमीअत उलेमा-ए-हिंद कमेटी एवं मुस्लिम समाज, क़स्बा गढ़ी द्वारा ग्राम कढ़ैया में स्थित दो प्राचीन दरगाहों को ध्वस्त किए जाने के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ग़ैरतगंज हर्षिल चौधरी को ज्ञापन पुलिस चौकी गढ़ी में सौंपा गया.**

इस अवसर पर एसडीओपी सोनल गुप्ता, थाना प्रभारी डी.पी.



लोहिया, थाना प्रभारी देहगांव हरिओम आस्थाया तथा चौकी प्रभारी तेजपाल सिंह उपस्थित रहे.

ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायत गढ़ी के ग्राम कढ़ैया में लगभग 250 वर्ष पुरानी दो दरगाहें स्थित थीं. इनमें से एक दरगाह हज़रत सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह एवं उनके परिवार से संबंधित बताई गई है. इन दरगाहों का क्षेत्र में धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सामाजिक महत्व रहा है तथा सभी समुदायों के लोग यहां श्रद्धा के साथ आते रहे हैं.

ज्ञापन के अनुसार सोमवार एवं मंगलवार की मध्यरात्रि में कुछ व्यक्तियों द्वारा जेसीबी से दोनों दरगाहों को ध्वस्त कर दिया गया.

ज्ञापन में रवि चौरसिया, राजेन्द्र गौर, रोहित अहिरवार एवं अविनेश अहिरवार के नामों का उल्लेख करते हुए घटना की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई. ज्ञापन सौंपते समय मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष खालिद मंसूरी, जमीअत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलवी अताउल हन्नान, रिज़वान खान, सरपंच सैयद मसूद अली पटेल, साबिर खान मंसूरी, वसीम टेलर, अब्दुल रज्जाक खान, ख़लील कुरैशी, मंज़ूर पठान, सैयद सऊद अली,अतहर अली, राशिद मंसूरी, रिज़वान कुरैशी, जाबिर शाह आदि उपस्थित रहे.

# जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 6 अगस्त. नगर के विश्राम गृह में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी, व्यवस्थित एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत की विशेष उपस्थिति रही.**

बैठक में पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से



पहुँचना सुनिश्चित किया जाए. योजनाओं के बेहतर संचालन, विभागों के बीच समन्वय तथा शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, बेगमगंज नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय जाट, भाजपा नेता विभोर नायक, एल्डरमैन पंडित ओमकार शर्मा, तुलसी यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता जय बाबू जैन, सलीम काजी, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, गुड्डू भाई, विनय वकील, मदन राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# रुद्राभिषेक कथा शुरू

**बेगमगंज, 6 अगस्त.** मुकरबा कॉलोनी में पार्थिवेश्वर रुद्राभिषेक कथा का शुभारंभ हुआ. यह आयोजन 5 से 7 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की. कथा व्यास आचार्य हरिकेश महाराज तिनसुआ बेगमगंज वालो ने बताया शिवभक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मिट्टी के शंकर जी बनाने से संपूर्ण कामना पूरी होती है और रुद्राक्ष धारण करने से शिव का पूजन करने का फल प्राप्त होता है , उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष धारण करने से मन को शांति, साधना में एकाग्रता और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है.

# सलामतपुर भाजपा मंडल की मासिक बैठक

**▸ संगठन मजबूती और अंत्योदय पर हुआ मंथन**

**सलामतपुर, 6 अगस्त. सलामतपुर भाजपा मंडल मुख्यालय पर मंडल की मासिक कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के आधार स्तंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई.**

बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने तथा राष्ट्र और जनसेवा की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया गया. इस दौरान 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर चलते



हुए सरकार की सभी जनहितैषी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा व कर्मठता से जुटने का आह्वान किया गया. बैठक के मुख्य एजेंडे में पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाना और सर्व समाज में एकता, अखंडता तथा समरसता बनाए रखना शामिल रहा. साथ ही, भाजपा के 'समरसता संकल्प अभियान' की को लेकर चर्चा की गई. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री हरीश मालवीया, मंडल कोषाध्यक्ष सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# पटवारियों ने हनुमानजी को सौंपा ज्ञापन

**बेगमगंज, 6 अगस्त.** पिछले 4 दिन से अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पटवारियों द्वारा गुरुवार को श्रीहनुमान मंदिर कोलूघाट पहुंचकर सभी पटवारियों ने सर्वप्रथम पूजा अर्चना की ।

उसके बाद अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन का वाचन करते हुए हनुमान जी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि मप्र सरकार एवं सत्ता में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करे. इस अवसर पर पटवारी संघ के अध्यक्ष मनीष चौरसिया, मनोज अठ्या, सुशील श्रीवास्तव , अंकुर दुबे ,महेश कात्यावर ,रामकृष्ण शाह , सजल भाईजी , देवेश नेमा , कमलेश अहिरवार आदि उपस्थित थे.

**लापरवाही ▸ विदिशा-भोपाल मार्ग पर कागज़ों में सिमटे सरकारी आदेश**

# हाइवे पर मवेशियों का झुंड, लगातार हो रहे हादसे

अदनान खान

**सलामतपुर, 6 अगस्त. मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, जिला कलेक्टर के फरमान, राज्यमंत्री की चेतावनियों और पशु चिकित्सा विभाग के दावों के बावजूद सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों की समस्या जस की तस बनी हुई है.**

रायसेन जिले के सलामतपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से गुजरने वाले नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर बेसहारा और पालतू मवेशियों का जमघट लगा रहता है. प्रशासन की घोर लापरवाही और मवेशी मालिकों



की गैर-जिम्मेदारी के कारण बेजुबान जानवर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर काल के गाल में समा रहे हैं, वहीं राहगीर भी गंभीर हादसों का शिकार हो रहे हैं.

**▸ हाइवे पर 'ब्लैक स्पॉट्स' बने ये इलाके**

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 और एनएच 146 पर बालमपुर घाटी से लेकर भदभदा, देहरी, दीवानगंज, कुल्हाड़िया, बेरखेड़ी चौराहा, सलामतपुर, त्रिमूर्ति चौराहा, ढुकना चौराहा और आमखेड़ा तक सड़कों के ठीक बीचों-बीच दर्जनों मवेशियों का झुंड दिन-रात जमा रहता है. दिन के समय सड़कों पर पशुओं के जमावड़े के कारण कई-कई घंटों तक जाम जैसे हालात निर्मित हो जाते हैं. वहीं, रात के समय अंधेरा होने के कारण वाहन चालकों को सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे तेज रफ्तार वाहन सीधे इनसे टकरा जाते हैं. इन हादसों में कई बाइक सवार घायल हो चुके हैं और कई बेजुबान गायों की मौके पर ही मौत हो चुकी है. कुछ समय पूर्व राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने स्पष्ट कहा था कि मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर सख्त कार्रवाई होगी. इसके अलावा ग्राम पंचायतों के माध्यम से 'डोंडी' पिटवाकर मुनादी कराने और पशु मालिकों को चेतावनी देने के निर्देश भी जारी किए गए थे. रायसेन जिले में सुरक्षा और पेट्रोलिंग के लिए 4 प्रमुख सेक्टर भी गठित किए गए थे जिनमें बिलखिरिया से टोल नाका सेहतगंज, औबेदुल्लागंज-मंडीदीप से टोल नाका विशनखेड़ा, सुल्तानपुर जोड़ से खरगोन टोल नाका हरसिली खरगोन से देवरी उदयपुरा. दावा किया गया था कि पेट्रोलिंग गाड़ियां सड़कों पर मिलने वाले मवेशियों को तत्काल गौशालाओं या सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएंगी. लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन दावों और योजनाओं का असर सड़कों पर शून्य नजर आ रहा है.

# 'दोष दूसरों में नहीं, अपने भीतर देखें

**▸ दीनदयाल कॉलोनी में रुद्राभिषेक शिव कथा का तृतीय दिवस**

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 6 अगस्त. दीनदयाल कॉलोनी बेगमगंज में चल रही पंच दिवसीय रुद्राभिषेक शिव कथा के तृतीय दिवस गुरुवार को कथावाचक पं.कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा आज का मनुष्य एक अजीब बीमारी से पीड़ित है.**

उसे अपने दोष दिखाई नहीं देते, लेकिन दूसरे की छोटी-सी गलती भी पहाड़ जैसी दिखाई देती है. दूसरों पर अंगुली उठाने से पहले याद रखिए-एक अंगुली



सामने वाले की ओर होती है, लेकिन तीन अंगुलियां अपनी ओर होती है.

आज लोग कहते हैं समाज बिगड़ गया है. मैं पूछता हूं समाज कौन है? समाज हम और आप ही तो हैं. जब हम बदलेंगे, तभी समाज बदलेगा. उन्होंने कहा कि आज आदमी मंदिर में सिर झुकाता है, लेकिन घर आकर माता-पिता के सामने सिर ऊंचा रखता है. यह कैसी भक्ति है? भगवान मूर्ति में भी हैं, लेकिन सबसे पहले वे माता-पिता के हृदय में हैं.